# Class 7 Maths Important Questions Hindi Medium Chapter 4 आँकड़ों का प्रबंधन

## अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
रोहन तीन दिन तक क्रमशः 5 घण्टे, 3 घण्टे तथा 4 घण्टे पढ़ता है। उसका प्रतिदिन पढ़ने का औसत समय क्या है?
उत्तर:

$$\text{औसत समय} = \frac{\text{पढ़ाई में लगाया कुल समय}}{\text{दिनों की संख्या}}$$

= $\frac{5+3+4}{3}$
= $\frac{12}{3}$ = 4 घण्टे

प्रश्न 2.
एक बल्लेबाज की 6 पारियों के रन इस प्रकार हैं
36, 55, 60, 46,50, 35
इनका माध्य ज्ञात कीजिए।
उत्तर:

$$\text{माध्य} = \frac{\text{कुल रन}}{\text{पारियों की संख्या}}$$

= $\frac{36+55+60+46+50+35}{6}$
= $\frac{282}{6}$
= 47

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
एक कम्पनी के 10 कर्मचारियों की वर्षों में आयु इस प्रकार है-
32, 41, 28, 54, 35, 26, 23, 33, 38, 40
(i) सबसे बड़ी उम्र वाले कर्मचारी की आयु क्या है? तथा सबसे छोटी उम्र वाले कर्मचारी की आयु क्या
(ii) कर्मचारियों की आयु का परिसर क्या है?
(iii) इन कर्मचारियों की माध्य आयु क्या है?
हल:
(i) आयु को आरोही क्रम में व्यवस्थित करने
23, 26, 28, 32, 33, 35, 38, 40, 41, 54
स्पष्ट है कि सबसे बड़ी उम्र वाले कर्मचारी की आयु 54 वर्ष है तथा सबसे छोटी उम्र वाले कर्मचारी की आयु 23 वर्ष है।

evidyarthi

(ii) कर्मचारियों की आयु का परिसर = (54 - 23) वर्ष = 31 वर्ष है।

(iii) कर्मचारियों की माध्य आयु
= $\frac{23+26+28+32+33+35+38+40+41+54}{10}$ वर्ष
= $\frac{350}{10}$ वर्ष = 35 वर्ष

प्रश्न 2.
नीचे कुछ विद्यार्थियों के अंक दिये गये . हैं
1, 3, 2, 5, 1, 4, 6, 2, 5, 2, 2, 2, 4, 1, 2, 3, 1, 1, 2, 3, 2, 6, 4, 3, 2, 1, 1, 4, 2, 1, 5, 3, 3, 2, 3, 2, 4, 2, 1, 2
इन आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।
हल:
सबसे पहले इन आँकड़ों को एक सारणी के रूप में रखते हैं-

| अंक | मिलान चिह्न | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | ~~||||~~ |||| | 9 |
| 2 | ~~||||~~ ~~||||~~ |||| | 14 |
| 3 | ~~||||~~ || | 7 |
| 4 | ~~||||~~ | 5 |
| 5 | ||| | 3 |
| 6 | || | 2 |
| | योग | 40 |

सारणी से स्पष्ट है कि '2' बहुलक है, क्योंकि 2 सबसे अधिक बार आया है। इस प्रकार, अधिकांश विद्यार्थियों ने '2' अंक प्राप्त किये हैं।

https://www.evidyarthi.in/